# त्रैमासिक परीक्षा 2024–25

समय–: 3घंटा | कक्षा–: 10वीं | पूर्णांक–:75

## विषय–: सामाजिक विज्ञान

निर्देश–:

*01. सही प्रश्न अनिवार्य हैं।*
*02. प्रश्न कमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सही जोड़ी 06 अंक एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य/असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित हैं!*
*03. प्रश्न कमांक 06 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*
*04. प्रश्न कमांक 06 से 17 तक 12 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है।*
*05. प्रश्न कमांक 18 से 20 तक 03 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न के लिए 03 अंक निर्धारित है।*
*06. प्रश्न कमांक 21 से 23 तक 03 प्रश्न के लिए 04 अंक निर्धारित हैं।*
*07. प्रश्न कमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। मानचित्र पूर्ति कर उत्तर पुस्तिका में संलग्न करें।*

**प्रश्न :– 01 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 1X6=6

1. निम्नलिखित में से कौन–सा अजैव संसाधन है–

(अ) मनुष्य (ब) मतस्य जीवन

(स) चटटानें (द) प्राणी जगत

2. बांधों को आधुनिक भारत का मंदिर किसने कहा–

(अ) महात्मा गांधी (ब) जवाहर लाल नेहरू

(स) भगत सिंह (द) लालबहादुर शास्त्री

3. शासन के विभिन्न अंगों के बीच सत्ता के बटवारे को कहते हैं–

(अ) सत्ता की सामाजिक साझेदारी (ब) सत्ता का आर्थिक वितरण

(स) सत्ता का क्षैतिज वितरण (द) सत्ता का मौलिक वितरण

4. सामान्यतः किसी देश का विकास किस अधार पर निर्धारित किया जाता है–

(अ) प्रतिव्यक्ति आय (ब) औसत साक्षरता स्तर

(स) स्वास्थ्य (द) उपर्युक्त सभी

5. निम्न में से किस देश में मक्का के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्न–ला लागू किया था–

(अ) भारत (ब) फ्रांस

(स) चीन (द) ब्रिटेन

6. निम्नलिखित में से कौन सा ऋण का औपचारिक स्त्रोत है–

(अ) व्यापारी (ब) सहकारी समितियां

https://www.mpboardonline.com

(स) साहूकार (द) दोस्त और रिश्तेदार

प्रश्न:–2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1X6=6

1. जो भूमि जोतने योग्य नहीं होती उसे ..............................भूमि कहते हैं।
2. यूरोपीय संघ का मुख्यालय ..................................है।
3. राष्टवाद को चित्रों के माध्यम से दर्शाने वाला फ्रांसीसी कलाकार..........................................है।
4. तृतीयक क्षेत्र को.......................भी कहा जाता है।
5. 1804 की नागरिक संहिता को...............................के नाम से जाना जाता है।
6. भूमण्डलीकरण की शुरूआत..........................................में हुई।

प्रश्न:–3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए। 1X6=6

1. सरिस्का बाघ रिजर्व मध्यप्रदेश राज्य में स्थित है।
2. बंगाल का शोक दामोदर नदी को कहा जाता है।
3. अफ्रीका में 1890 के दशक में रिंडरपेस्ट नामक बीमारी बहुत तेजी से फैली थी।
4. जी.डी.पी.(GDP) का पूरा नाम सकल घरेलू उत्पाद कहलाता है।
5. स्थिर आय नहीं होने से काम के अवसर में कमी होती है।
6. संविधान द्वारा 22 भाषाओं को सातवीं अनुसूची में रखा गया।

प्रश्न:– 4 सही जोड़ी मिलाइये। 1X6=6

| | |
|---|---|
| i. रोलेट एक्ट | (क) भाप का इंजन |
| ii. जेम्स वाट | (ख) 1815 |
| iii. संघ सूची | (ग) ब्रिटेन |
| iv. नेपोलियन की हार | (घ) प्रतिरक्षा |
| v. लेबर पार्टी | (ङ) कृषि खनन डेयरी मतस्यन |
| vi. प्राथमिक क्षेत्रक | (च) 1919 |

प्रश्न:– 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। 1X6=6

1. औद्योगिक क्रांति सबसे पहले किस देश में आरंभ हुई।
2. सुंदरवन राष्टीय उद्यान किस राज्य में स्थित है।
3. भारत की दो खाद्यान फसलों का नाम लिखिए।
4. प्रतिरक्षा तथा विदेशी मामलें कौन सी सूची में शामिल होते हैं।
5. सामाजिक विभाजनों का मुख्य आधार क्या है।
6. भारत में केंद्रीय सरकार की तरफ से करेंसी नोट कौन जारी करता है।

प्रश्न:– 6 उत्पत्ति के आधार पर संसाधन के प्रकार लिखिए। 2

अथवा

मृदा संरक्षण के उपाय लिखिए।

प्रश्न:–7 अभ्यारण्य किसे कहते हैं? 2

अथवा

https://www.mpboardonline.com

केंद्रीय वन आयोग क्या है?

प्रश्नः-8 बाल्कन प्रदेशों में राष्ट्रवादी तनाव क्यों उत्पन्न हुआ? 2

अथवा

काउंट कैमिलो दे काबूर पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्नः-9 लोकतंत्र में निर्णय लेने में देरी का कारण लिखिए। 2

अथवा

आर्थिक विकास किस कारक पर निर्भर करता है?

प्रश्नः-10 जैव विविधता को प्रभावित करने वाले कोई दो कारक लिखिए। 2

अथवा

पर्यावरण विनाश के प्रमुख कारक कौन-कौन से हैं?

प्रश्नः-11 मृदा क्या है? 2

अथवा

विकास के लिए ऋण की भूमिका लिखिए।

प्रश्नः-12 गांधी जी ने हिन्द स्वराज में स्वराज्य प्राप्ति का क्या साधन बताया। 2

अथवा

गिरमितिया मजदूर किसे कहा जाता है?

प्रश्नः-13 जब हम कहते है कि सोलहवीं सदी में दुनिया सिकुड़ने लगी थी तो इसका क्या मतलब है? 2

अथवा https://www.mpboardonline.com

प्रथम विश्व युद्ध को औद्योगिक युद्ध क्यों कहा गया? लिखिए।

प्रश्नः-14 एकात्मक शासन व्यवस्था की विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्नः-15 भारतीय अर्थव्यवस्था को कितने क्षेत्रों में विभाजित किया गया है? लिखिए। 2

अथवा

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 को संक्षिप्त लिखिए।

प्रश्नः-16 खुली बेरोजगारी का अभिप्राय क्या है?लिखिए। 2

अथवा

संगठित क्षेत्र के कोई दो लाभ लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्रश्नः—17 जालयेराइन क्या था? 2

अथवा

जलियांवाला बाग पर टिप्पणी लिखिए।

प्रश्नः—18 संघीय व्यवस्था की तीन विशेषताएं लिखिए। 3

अथवा

सत्ता विकेन्द्रीकरण के तीन लाभ लिखिए।

प्रश्नः—19 क्या कारण है कि बैंक कुछ कर्जदारों को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं होते? 3

अथवा

हमें भारत में ऋण के औपचारिक स्त्रोतों को बढ़ाने की क्यों जरूरत है?

प्रश्नः—20 ईस्ट इण्डिया कम्पनी के नियंत्रण का बुनकरों पर क्या प्रभाव पड़ा था? 3

अथवा

बहुत से मजदूरों ने स्पिनिंग जेनी का विरोध क्यों किया?

प्रश्नः—21 मुद्रा के कार्यों का वर्णन कीजिए? 4

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्नः— 22 साइमन कमीशन किस प्रकार भारतीयों के लिए अहितकर था? स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

असहयोग आंदोलन के कोई चार कारण लिखिए।

प्रश्नः—23 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित दर्शाइये— 4

(अ) काली मिट्टी (ब) छोटा नागपुर का पठार

(स) लद्दाख (द) थार का मरूस्थल

अथवा

(अ) सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान (ब) बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

(स) कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान (द) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान

---



https://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mpboardonline.com